# न्यायालय, अनुमण्डल दण्डाधिकारी, चास।

20/8/18
30/7/18
10/9

(1)

**द०प्र०स० की धारा 144 के अन्तर्गत कार्यवाही**

**एम०पी० वाद संख्या 194 /2018**

प्रथम पक्ष :- महादेव साई पिता स्व० राम साई, सा०-कोलबेन्दी, थाना-पिण्ड्राजोरा, जिला-बोकारो।

-: बनाम :-

द्वितीय पक्ष :- 1 करीम अन्सारी, 2 मईरुद्दीन अन्सारी, 3 सुलतान अन्सारी, सभी सा० कोलबेन्दी, थाना- पिण्ड्राजोरा, जिला-बोकारो।

(20)

**कार्यवाही**

थाना मु० थाना अप्राथमिकी संख्या--05/2018 जो पुलिस निरीक्षक, चास मु० अंचल बोकारो के माध्यम से अग्रसारित होकर इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है, का अवलोकन किया।

उपर्युक्त प्रतिवेदन के अवलोकन से यह ज्ञात होता है कि दोनों पक्षों के बीच जमीन को लेकर विवाद है जिससे कभी भी शांति भंग होने की आशंका है। परिणामस्वरूप संबंधित पुलिस पदाधिकारी ने द०प्र०सं० की धारा 144 के अन्तर्गत दोनों पक्षों के सदस्यों के विरुद्ध निषेधाज्ञा कार्यवाही प्रारंभ करने हेतु अनुशंसा की है ताकि शान्ति-व्यवस्था बनाया जा सके।

**भूमि का विवरण**

| राजस्व ग्राम का नाम | खाता संख्या | खेसरा संख्या | रकबा |
|---|---|---|---|
| कुसमा | 114 | 35, 05, 07 | 02.01 एकड |

**चौहद्दी**

उत्तर :- मनपूरण गोराई का जमीन — दक्षिण :- रंजित सिंह का जमीन

पूरब :- गोवर्धन चौधरी का जमीन, — पश्चिम :- मंगरु धोबी का जमीन

अतः सम्यक विचारोपरान्त द०प्र०सं० की धारा 144 के अन्तर्गत उपरांकित विवरण की भूमि पर एतद द्वारा दोनों पक्षों के सदस्यों को जाने से निषिद्ध किया जाता है। साथ ही दोनों पक्षों के सदस्यों को यह आदेश दिया जाता है कि आगामी दिनांक 30.7.18 को पूर्वाहन 11.00 बजे मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर इस आशय का कारण-पृच्छा यदि कोई हो तो अर्पित करें कि उपरांकित भूमि पर जाने के लिए निषेधाज्ञा को क्यों नहीं निरपेक्ष कर दिया जाय।

अनुमण्डल दण्डाधिकारी,
चास।

30/7/18 सूचना का तामिला प्राप्त।
द्वितीय पक्ष के दो सदस्य का हाजरी है।
S/C हेतु समय का आवेदन है।
दिनांक 20/8/18 को रखें

S.D.M
Chas

20/8/18 द्वितीय पक्ष के द्वारा सहायक का हाजरी है। S/C हेतु समय का आवेदन है।
दिनांक 30/8/18 को रखें

S.D.M.
Clay

30/8/18 द्वितीय पक्ष के द्वारा सहायक का हाजरी है। S/C हेतु समय का आवेदन है। S/C हेतु समय का प्रथम पक्ष की ओर से S/C हेतु समय का आवेदन है।

Allowed. Put up on 10/9/18.

[signature] 30/8/18

10/9/18 द्वितीय पक्ष के द्वारा सहायक का हाजरी है। S/C हेतु समय का आवेदन है। प्रथम पक्ष की ओर से S/C दाखिल किया। द्वि० पक्ष के क्र० सं० 2 का लिखित बयान दाखिल किया गया।

Final Order passed by me on 10/9/18.

[signature] 10/9/18

Digitally signed by PRANJAL DHANDA
Date: 2025.08.11 12.57.29 +05:30
Location: 192.168.1.3